बरेली, शुक्रवार
17 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 09 BOTTOM

'यूं ही अपना मिलाप थोड़ी है, यह कहानी लिखी हुई होगी'

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 April): एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में गुरुवार (16 अप्रैल 2026) को मुशायरा बज्म ए सुखन आयोजित हुआ. इसमें बरेली के शायर इस्तखार अहमद नाज़ुक, यहीं के कामिल हुसैन रिज़वी, बदायूं के शायर डा. सैयद इमरान अली रिज़वी, अलीगढ़ की शायरा सुश्री तस्लीम बानो, अलीगढ़, बदायूं के मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स, बरेली के सरवत परवेज ने अपने नज़्मों और कलाम श्रोताओं की वाहवाही हासिल की. शायर इस्तखार अहमद नाज़ुक ने अपना कलाम 'यूं ही अपना मिलाप थोड़ी है, यह कहानी लिखी हुई होगी' सुनाया. शायर कामिल हुसैन रिज़वी ने 'कैद करने के भी हकदार नहीं हैं वो लोग, रहम खाने को भी तैयार नहीं हैं वो लोग' और 'रास्ता रोकेंगे फिर भी मुझे जाने देंगे,दोस्त हैं आहानी दीवार नहीं हैं वो लोग' सुनाकर श्रोताओं की तालियां हासिल की. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चैयरमेन देव मूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार व डा. शैलेश सक्सेना रहे.